


# 50 वर्ष तक की चिंता होगी दूर, हरियाखेड़ी से मिलेगा भरपूर पानी : महापौर

## 1134 करोड़ की हरियाखेड़ी जल आवर्धन योजना, सिंहस्थ 2028 की शहर को मिलेगी बड़ी सौगात, उज्जैन नगर निगम कर रहा काम

**उज्जैन। आने वाले 50 सालों तक उज्जैन में पेयजल की चिंता दूर हो जाएगी। इसके लिए हरिया खेड़ी प्रोजेक्ट बनाया जा रहा है जो शहर वासियों को भरपूर पेयजल देगा. इसे सिंहस्थ के पहले पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है।**

सिंहस्थ-2028 और शहर की भविष्य की पेयजल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा 1134 करोड़ रुपये की लागत से हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। गुरुवार को महापौर मुकेश टटवाल ने निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा तथा तकनीकी अधिकारियों के साथ परियोजना स्थल का निरीक्षण किया।



उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल ने परियोजना की प्रगति का जायजा लिया और कार्यों की गुणवत्ता एवं गति पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों और इंजीनियरों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 के दौरान लाखों श्रद्धालुओं और शहरवासियों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने में यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हरियाखेड़ी परियोजना का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

महापौर ने कहा कि यह परियोजना उज्जैन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और आने वाले कई दशकों तक शहर की पेयजल जरूरतों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी। लगातार बढ़ रही आबादी और भविष्य की मांग को देखते हुए हरियाखेड़ी प्रोजेक्ट शहर की जल व्यवस्था की मजबूत आधारशिला बनेगा।परियोजना के तहत सेलारखेड़ी, गंभीर, उंडासा और साहेबखेड़ी जल स्त्रोतों का उपयोग किया जाएगा। इसके माध्यम से शहर की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही पुरानी पाइपलाइनें बदलकर जल क्षति कम करने और हर घर तक पर्याप्त जलापूर्ति पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।




### 100 एमएलडी क्षमता का जल शोधन संयंत्र निर्माणाधीन

हरियाखेड़ी परियोजना के अंतर्गत 100 एमएलडी क्षमता के जल शोधन संयंत्र का निर्माण किया जा रहा है। इसके तहत इंटेकवेल, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, क्लैरिफ्लोक्युलेटर, फिल्टर हाउस और पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, सहायक यंत्री शिवम दुबे, उपयंत्री ऋषि जैन, कंसल्टेंट एजेंसी के प्रतिनिधि, तकनीकी अधिकारी एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे। महापौर ने कहा कि हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना न केवल सिंहस्थ-2028 के दौरान पेयजल व्यवस्था को मजबूत करेगी, बल्कि आने वाले 50 वर्षों तक उज्जैन की जल आवश्यकताओं को पूरा करने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

# मक्सी रोड पर ई-रिक्शा को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, यात्री की मौत

- आधी रात को ई रिक्शा से गणेशपुरा जा रहे झारडा के युवक के साथ हो गई दुर्घटना

**उज्जैन। आधी रात को ई रिक्शा से गणेशपुरा जा रहे झारडा के युवक की दुर्घटना में मौत हो गई। रिक्शा का चालक घायल हुआ है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।**

झारडा के ग्राम नलखेड़ा से सुमेर पिता रमेश 35 साल उज्जैन आया था। आगर रोड पर बस से उतरने के बाद



रात 12 बजे के लगभग वह ई रिक्शा में सवार होकर मक्सी रोड स्थित गणेशपुरा जा रहा था। रिक्शा चालक लीलाधर पिता कनीराम सोलंकी निवासी कोठी लाइन मक्सी रोड सब्जी मंडी तक पहुंचा था। इस दौरान पीछे से आए अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना होते ही रिक्शा पलटी खा गया। टक्कर मारने वाला वहां मौके से भाग निकला। दुर्घटना की जानकारी लगते ही रात 12.30 बजे माधव नगर थाना पुलिस मक्सी रोड सब्जी मंडी पहुंची और दो घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां सुमेर को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। रिक्शा चालक का उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार मृतक के पास मिले दस्तावेजों से उसकी पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई। रात में ही परिजन उज्जैन पहुंच गए थे गुरुवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है इस दौरान सामने आया कि मृतक उज्जैन में रिश्तेदारों से मिलने के लिए आया था। पुलिस दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखकर टक्कर मारने वाले वाहन का पता लग रही है।

### दुर्घटना में घायल की मौत

आगर के बड़ोद जिले से बुधवार शाम को मानसिंह पिता रघु सिंह सोंधिया 51 साल निवासी लोटिया कृष्णा को गंभीर घायल हालत में उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया था जहां कुछ देर बाद मानसिंह की मौत हो गई। सुबह अस्पताल पुलिस चौकी ने पोस्टमार्टम कराया परिजनों ने बताया कि बड़ोद में फोरलेन पर पोस्टर लगाने का काम करते थे। दोपहर में स्टीकर लगा रहे थे इस दौरान तेज गति से आए बहन ने टक्कर मारी थी। चौकी पुलिस के अनुसार मामले की जांच बड़ोद पुलिस को भेजी जाएगी।

# पुरुष हॉकी अकादमी के लिए टैलेंट सर्च का आयोजन 11 को

**उज्जैन। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत प्रदेश में संचालित विभिन्न खेल अकादमियों के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति वर्ष 2026-27 में खेलों को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करने के उद्देश्य से विभिन्न खेलों के लिए चरणवार टैलेंट सर्च कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।**

टैलेंट सर्च के अंतर्गत एथलेटिक्स, फेंसिंग, कुश्ती, शूटिंग शॉटगन, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, जूडो, शूटिंग पिस्टल, पुरुष हॉकी, क्याकिंग, कैनोइंग, आर्चरी, ट्रायथलॉन, घुड़सवारी, महिला हॉकी, बैडमिंटन, स्लालम, रोइंग तथा शूटिंग राइफल सहित विभिन्न खेलों में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

जिला उज्जैन में आर्चरी खेल अकादमी के लिए 7 जुलाई तथा पुरुष हॉकी खेल अकादमी हेतु 11 जुलाई को टैलेंट सर्च का आयोजन किया जाएगा। इसमें खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट लिया जाएगा, जिसके आधार पर उनका चयन अगले स्तर के लिए किया जाएगा।मध्यप्रदेश राज्य खेल अकादमियों में खिलाड़ियों के चयन हेतु वर्ष 2026-27 के लिए ऑनलाइन पंजीयन 17 जून 2026 से प्रारंभ हो चुके हैं। प्रतिभा चयन कार्यक्रम 27 जून 2026 से मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन पंजीयन के लिए विभागीय पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। खिलाड़ियों का चयन भोपाल की प्रशिक्षकों की टीम द्वारा किया जाएगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने खिलाड़ियों छात्र-छात्राओं से टैलेंट सर्च में शामिल होने की अपील की है।

## एक नजर में




### परीक्षा सारणी : एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

उज्जैन। कोठी रोड स्थित विक्रम विश्वविद्यालय में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। छात्र नेता रोहित लश्करी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बी.कॉम प्रथम वर्ष (लॉजिस्टिक्स), क्रिमिनोलॉजी एवं रिटेल ऑपरेशन विषयों की परीक्षा सारिणी शीघ्र जारी करने की मांग की गई। एनएसयूआई प्रदेश महासचिव हिमांशु शुक्ल ने बताया कि उक्त विषयों की परीक्षाएं नजदीक हैं। लेकिन अभी तक विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा समय-सारिणी जारी नहीं की गई है। इसके कारण विद्यार्थियों में असमंजस और चिंता की स्थिति बनी हुई है। समय पर परीक्षा कार्यक्रम नहीं मिलने से छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई और तैयारी को व्यवस्थित नहीं कर पा रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की गई कि विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए परीक्षा सारिणी जल्द जारी की जाए, ताकि छात्र बिना किसी मानसिक दबाव के अपनी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। इस अवसर पर एनएसयूआई प्रदेश महासचिव हिमांशु शुक्ल एवं अखिलेश अस्तेय सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।



### उत्कृष्ट सेवाओं के लिए गजानंद रामी सम्मानित

उज्जैन। माली समाज के सक्रिय कार्यकर्ता गजानंद रामी को समाज में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय माली महासंघ के जिलाध्यक्ष किशोर कुमार भाटी ने बताया कि सम्मान के दौरान उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री सुभाष चंद्र डोडिया, दौलतगंज मंडल प्रभारी अशोक केथवास, दौलतगंज मंडल अध्यक्ष विजय चौहान, मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद डोडिया और रितेश परमार, मंडल महामंत्री विनोदिनी पाटीदार, मंडल मंत्री उमेंद्र परमार, बूथ अध्यक्ष समीर कश्यप, विक्रमादित्य मंडल अध्यक्ष विक्रम ठाकुर सहित दिनेश सोलंकी मौजूद रहे।



### भगवान झूलेलाल की दिव्य महाआरती आज

उज्जैन। गीता कॉलोनी स्थित श्री वरुण देव अखंड ज्योति मंदिर में आज 26 जून को सुबह 9 .30 बजे इष्ट देव भगवान झूलेलाल की भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में देश की जानी-मानी हस्तियां विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी। दीपक राजवानी ने बताया कि मुख्य संयोजक पवन खुबानी के नेतृत्व में होने वाली इस महाआरती में सिंधी कंटेंट क्रिएटर सिमर रंजन वाधवानी और सोनी टीवी के धारावाहिक श्रीमद रामायण फेम संगीता ओडवाणी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। मंदिर अध्यक्ष मोहनलाल वासवानी ने बताया कि मुख्य आयोजन में भगवान झूलेलाल के साथ-साथ प्रथम पूज्य श्री गणेश, शिव-पार्वती, लक्ष्मी-विष्णु, सिंधी समाज की कुलदेवी हिंगलाज माता एवं छड़ी साहब की भी विशेष आरती की जाएगी। मंदिर समिति ने समस्त सिंधी समाज से अपील की है कि वे सपरिवार इस दिव्य महाआरती में शामिल होकर दर्शन का लाभ लें।

### पकड़ाये हफ्ता मांगने वाले 2 बदमाश

उज्जैन। खुद का दादा पहलवान बताकर हफ्ता मांगने वाले 2 बदमाशों को 9 दिन की तलाश के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल की सलाखों में भेज दिया। बदमाशों के 2 साथी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 14 जून को जवाहर मार्ग पर रहने वाले मोहम्मद शाहिद शेख को चार बदमाशों ने रोका था और कहा कि हम दादा-पहलवान है। महिदपुर में रहना है तो हफ्ता देना होगा। मो. शाहिद ने विरोध किया तो चारों ने मारपीट की और कहा कि अगर आगे से मना किया तो जान से मार देगें। मामले में मो. शाहिद की शिकायत पर चार बदमाशों जवाब पिता मुजम्मिल शाह, शाहनवाज उर्फ गोलू पिता कासम शाह, अब्दुल वहाब पिता मुजम्मिल और अब्दुल खालिद पिता युसुफ निवासी फकीर मोहल्ला के खिलाफ अवैध वसूली, मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया गया। चारों की गिरफ्तारी के लिये एसआई सुखसेन अरियाम, एएसआई वीपी सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक विजयसिंह, आरक्षक आदिशम, प्रवीण की टीम गठित की गई। 9 दिनों की तलाश के बाद मंगलवार रात आरोपी अब्दुल वहाब और शाहनवाज उर्फ गोलू को महिदपुर नगीना मस्जिद के पास से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार अब्दुल वहाब के खिलाफ 9 और शाहनवाज के खिलाफ पूर्व से 7 प्रकरण दर्ज होना पाये गये। दोनों को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश कर उपजेल महिदपुर भेजा गया है। दोनों के फरार 2 साथियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

# जिनीषा का उज्जैन में ननिहाल आगमन पर किया बहुमान

**उज्जैन। खाचरौद की होनहार बेटी जिनीषा नांदेचा ने भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयनित होकर पूरे अंचल का गौरव बढ़ाया है। वे खाचरौद की पहली महिला हैं, जिन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। 8 जून को जारी अंतिम मेरिट सूची में चयन के बाद प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद रवाना होने से पूर्व उज्जैन में अपने ननिहाल आने पर उनका भव्य बहुमान किया गया।**

जिनीषा के उज्जैन आगमन पर अतुल चत्तर परिवार के निवास पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन, पार्षद रजत मेहता, त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ के अध्यक्ष सुरेश पगारिया, अतुल चत्तर, राजेश पगारिया और राजमल चत्तर ने बिटिया का बहुमान कर उज्ज्वल




भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह में अशोक कोठारी, अशोक जैन मुन्ना सरकार, दिनेश जैन, संजय जैन कालूहेड़ा, पत्रकार राजेन्द्र रघुवंशी, राजेन्द्र पगारिया, मनीष चौधरी, भूपेंद्र सकलेचा, विजय गादीया, कपिल सकलेचा और सोहन आंचलिया ने भी जिनीषा का स्वागत कर अंचल के लिए इसे बड़ी उपलब्धि बताया।

**235 में से चुनी गई मात्र 16 प्रतिभाओं में शामिल:** जिनीषा ने प्रारंभिक शिक्षा खाचरोद और नागदा से प्राप्त करने के बाद एसजीएसआईटीएस इंदौर से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की। उन्होंने वर्ष 2025 में एएफसीएटी-2 परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद गांधीनगर स्थित चयन केंद्र पर आयोजित पांच दिवसीय कठिन एसएसबी इंटरव्यू में 235 अभ्यर्थियों में से मात्र 16 उम्मीदवारों का चयन हुआ, जिनमें जिनीषा भी शामिल रहीं। बेंगलुरु में मेडिकल परीक्षण के बाद उनका अंतिम रूप से चयन सुनिश्चित हुआ।

**डेढ़ साल का होगा प्रशिक्षण:** अपनी सफलता का श्रेय माता अंजू नांदेचा, पिता राजेन्द्र नांदेचा और डॉ. हेमंत नागदा के मार्गदर्शन को देने वाली जिनीषा का अब लगभग डेढ़ वर्ष का प्रशिक्षण होगा। प्रारंभिक छह माह हैदराबाद और शेष एक वर्ष का प्रशिक्षण बेंगलुरु में पूरा करने के बाद उन्हें भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर नियुक्त किया जाएगा।

# नि :शुल्क शिविर : कैंसर और गैंग्रीन जैसे गंभीर रोगों में दी राहत

**उज्जैन। क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में जायसवाल धर्मशाला में चल रहा पांच दिवसीय नि:शुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हो गया है। जबलपुर के प्रसिद्ध आयुर्वेद विशेषज्ञ और नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल ने सैकड़ों मरीजों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिया।**

मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर वैद्य जायसवाल ने 20 से 24 जून तक चले इस शिविर में कैंसर, गैंग्रीन और अन्य असाध्य रोगों के मरीजों का उपचार किया। भोपाल की पुष्पा कुशवाह वर्ष 2020 से गर्भाशय कैंसर से पीड़ित थीं और 6 कीमोथेरेपी व 28 रेडियेशन के बाद भी उन्हें आराम नहीं मिला था। उनके पति विजय सिंह कुशवाह के अनुसार आयुर्वेदिक उपचार से उन्हें काफी राहत मिली है और दर्द कम हुआ है।

शिविर में कई अन्य मरीजों को भी गंभीर बीमारियों से नया जीवन मिला है। लगातार उपचार से शालिनी तोरणे के पैरों का गैंग्रीन पूरी तरह ठीक हो गया और घाव से मवाद आना बंद हो गया। उज्जैन की सविता तोरणे ने दवाओं के सेवन से एक महीने में 3 किलो वजन कम किया। आयुर्वेदिक तेल के उपयोग से अभिषेक तोरणे के बाल झड़ने की समस्या पूरी तरह रुक गई। वहीं वार्ड 36 बगडोना निवासी गोविंदा प्रसाद जायसवाल के शरीर का सुन्नपन, उच्च रक्तचाप और क्रेटिनिन की समस्या दूर हो गई। अशोकनगर के नीरज त्यागी को वर्षों पुरानी माइग्रेन की समस्या और संतोष सिंह राजपूत को चर्म रोग में आराम मिला। शिविर में बिना किसी सर्जरी के मात्र पांच मिनट में मस्सा निकालने की विशेष सुविधा भी मरीजों को दी गई।

### शिविर हर महीने की 20 से 24 तारीख तक

हाल ही में दशहरा मैदान में आयोजित महाकाल वन मेले में उत्कृष्ट स्टाल के लिए वैद्य जायसवाल को निजी श्रेणी में प्रथम पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था। उज्जैन में यह शिविर हर महीने की 20 से 24 तारीख तक नियमित रूप से लगाया जाता है। इसके अलावा भोपाल में प्रतिमाह 15 से 19 तक और इंदौर में 25 से 30 तारीख लगेगा।

# 30 जून को होगा नि :शुल्क विवाह

- दहेज नहीं लेने वाले युवाओं को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

उज्जैन। समाज में फैली दहेज प्रथा जैसी कुरीति को खत्म करने के उद्देश्य से सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी ने एक सार्थक पहल की है। संस्था द्वारा ऐसे युवाओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा, जो बिना दहेज के निकाह करेंगे। सोसायटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल और संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने बताया कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व भारत रत्न खान अब्दुल गफ्फार खान की स्मृति में 30 जून को नि:शुल्क निकाह कार्यक्रम और एजाजी जलसा आयोजित किया जाएगा। यह गरिमामय कार्यक्रम शहर के जामा मस्जिद स्कूल कम्युनिटी हॉल में संपन्न होगा। कार्यक्रम के संयोजक हाजी इस्माइल भाई रंगवाला और हाजी शेरू भाई ने बताया कि आयोजन के दौरान जो भी दूल्हा बिना दहेज के निकाह करेगा, उसे संस्था की ओर से विशेष तौर पर प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस आयोजन के माध्यम से समाज को दहेज मुक्त विवाह का संदेश दिया जाएगा। जानकारी उस्मान हसन और इस्माइल खान ने दी।

# ग्राम नवाखेड़ा में रेज्ड बेड पद्धति से सोयाबीन बुवाई का कार्य शुरू

उज्जैन। उज्जैन विकासखंड के ग्राम नवाखेड़ा में कृषक राजेंद्र सिंह, पिता भगवान सिंह, के खेत पर रेज्ड बेड पद्धति से फसल बुवाई का कार्य प्रारंभ कराया गया। कृषक द्वारा कुल 125 बीघा क्षेत्र में रेज्ड बेड विधि से फसल बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में लगभग 65 बीघा क्षेत्र में इस पद्धति से सोयाबीन फसल की बुवाई पूर्ण की जा चुकी है।

कृषि विभाग के सहायक संचालक कमलेश कुमार राठौर ने बताया कि बदलती कृषि तकनीकों के दौर में फसल बुवाई की विधियों में नवाचार आवश्यक है। रेज्ड बेड पद्धति से बुवाई करने पर प्राकृतिक परिस्थितियों में अधिक वर्षा अथवा कम वर्षा, दोनों स्थितियों में फसल को



होने वाला नुकसान अपेक्षाकृत कम होता है। साथ ही सामान्य बुवाई की तुलना में इस पद्धति से बुवाई करने पर उत्पादन में लगभग 15 से 20 प्रतिशत तक वृद्धि होने की संभावना रहती है। इस अवसर पर कृषि अभियांत्रिकी विभाग के सहायक कृषि यंत्री पी.सी. सिसोदिया, वैभव प्रजापति एवं अंशुल द्वारा कृषक को रेज्ड बेड पद्धति से बुवाई संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा इसके लाभों की जानकारी दी गई।

**एक नजर में** इस्कॉन में 29 जून को मनेगा उत्सव, जलगंगा संवर्धन अभियान के समापन पर श्रद्धालु करा सकेंगे स्नान

# स्नान पूर्णिमा पर तीर्थों के जल से होगा जगन्नाथजी का महाअभिषेक

**उज्जैन। इस्कॉन मंदिर में आगामी 29 जून को भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी का दिव्य स्नान पूर्णिमा महोत्सव अत्यंत भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष यह धार्मिक उत्सव मध्यप्रदेश शासन के जलगंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह के रूप में भी आयोजित हो रहा है।**

इस बार का विशेष आकर्षण यह है कि प्रदेशभर में जल संरक्षण अभियान के तहत जिन पवित्र नदियों, तीर्थों और सरोवरों का जल सहेजा गया है, उसी पावन जल से भगवान जगन्नाथ का महाअभिषेक संपन्न होगा। इस्कॉन उज्जैन के कम्यूनिकेशन डायरेक्टर राघव पंडित दास ने बताया कि स्नान यात्रा महोत्सव का शुभारंभ 29 जून को प्रात: 7.30 बजे पांडु-विजय कीर्तन के साथ होगा। भगवान को स्नान वेदी पर विराजमान कर मंगल आरती की जाएगी और फिर दिव्य अभिषेक प्रारंभ होगा। महोत्सव में सभी श्रद्धालुओं को अपने हाथों से भगवान जगन्नाथ का अभिषेक करने का दुर्लभ अवसर प्राप्त होगा। अभिषेक के पश्चात श्रद्धालु भगवान के दिव्य गजवेश के दर्शन कर सकेंगे और महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

महोत्सव में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



### विश्राम के बाद 16 जुलाई को रथ यात्रा

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान जगन्नाथ अवंती के राजा इंद्रद्युम्न की प्रार्थना पर प्रकट हुए थे। उज्जैन इस्कॉन में यह परंपरा 20 वर्षों से जारी है। स्नान यात्रा के बाद भगवान जगन्नाथ 15 दिनों तक विश्राम काल में रहेंगे। इसके बाद 16 जुलाई को आयोजित होने वाली भव्य रथ यात्रा में वे पुन: नगरवासियों को दर्शन देंगे। मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं से इस ऐतिहासिक महोत्सव में पारंपरिक परिधान यानी महिलाओं से साड़ी और पुरुषों से धोती-कुर्ता पहनकर शामिल होने का आग्रह किया है।